वर्ष - 01 | अंक - 253 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - गुरुवार, 12 मार्च ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4




# कोटड़ी चारभुजानाथ दरबार में केसर और पुष्पों से खेली अनूठी होली, उमड़ा भक्तों का सैलाब

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी**

**(राजेन्द्र बबलू पोखरना)।** मुख्यालय सहित तहसील क्षेत्र में शीतला अष्टमी का पर्व सादगी और श्रद्धा के साथ मनाया गया। सुबह महिलाओं ने शीतला माता का पूजन कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। वहीं कोटड़ी स्थित भगवान श्री चारभुजानाथ मंदिर में भगवान के साथ केसर, गुलाल और फूलों की पंखुड़ियों से होली खेलने की अनूठी परंपरा निभाई गई।

इस विशेष आयोजन में कोटड़ी कस्बे के अलावा जिले के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे। भक्तों ने भगवान के चरणों में केसर, गुलाल और गुलाब की पंखुड़ियां अर्पित कर होली खेली और आशीर्वाद लिया। मंदिर ट्रस्ट और विभिन्न भक्त मंडलियों की ओर से मंदिर परिसर में भगवान को भोग लगाकर प्रसाद का वितरण किया गया। सुबह से ही श्रद्धालुओं का मंदिर में पहुंचना शुरू हो गया और दिनभर केसर व पुष्पों की होली का आयोजन चलता रहा।

मंदिर परिसर में आयोजित भजन संध्या ने माहौल को और भी भक्तिमय बना दिया। भजन गायक गोकुल शर्मा ने 'कोटड़ी की गलियों में उड़े रे गुलाल' सहित कई होली व भक्तिमय गीत प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। वहीं युवराज वैष्णव, राजू रावल, पुराण गुर्जर और दिनेश राठौड़ ने भी कृष्ण और चारभुजानाथ से जुड़े भजनों की प्रस्तुतियां दीं, जिन पर भक्त नाचते-गाते नजर आए।

इस दौरान भक्तों ने ठाकुरजी की प्रतिमा पर फूलों की होली खेली और एक-दूसरे को गुलाल लगाकर शीतला अष्टमी की बधाई दी। भगवान श्री चारभुजानाथ के जयकारों से पूरा मंदिर परिसर गुंजायमान हो उठा।

पर्व के अवसर पर भगवान को विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया गया। श्रद्धालुओं के लिए 1100 किलो दही का मीठा, चरका ओल्या और घाट का ओल्या तैयार कर प्रसाद के रूप में वितरित किया गया। इसके अलावा पापड़-पापड़ी, माखन-मिश्री, मठरी, राजभोग, काला जामुन, गुलाब जामुन, रबड़ी, मेसूरपाक, बेसन चक्की, सोहनपापड़ी सहित अनेक मिठाइयों और फलों का भोग लगाकर श्रद्धालुओं में प्रसाद बांटा गया। कुल्फी और आइसक्रीम की भी विभिन्न किस्में तैयार कर भक्तों को वितरित की गईं।

शीतला अष्टमी पर आयोजित इस अनूठे आयोजन में भक्तों ने भगवान के साथ केसर और फूलों की होली खेलते हुए भक्ति और उल्लास का आनंद लिया।

## शीतला अष्टमी पर सड़क हादसा : ट्रेलर-वैन भिड़ंत में दो की मौत, तीन घायल

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

**(मूलचन्द पेसवानी)।** शीतला अष्टमी के पर्व पर जहां शहर रंग और उल्लास में डूबा हुआ था, वहीं बुधवार दोपहर फुलियागेट के बाहर शाहपुरा-भीम उनियारा नेशनल हाईवे 148डी पर हुए दर्दनाक सड़क हादसे ने खुशियों का माहौल मातम में बदल दिया। ट्रेलर और वैन की आमने-सामने हुई जोरदार टक्कर में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें से दो की उपचार के दौरान जिला चिकित्सालय में मौत हो गई।



जानकारी के अनुसार दोपहर के समय हाईवे पर ट्रेलर और वैन के बीच भीषण भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि वैन का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों व स्थानीय लोगों ने घायलों को संभालते हुए मदद की।

सूचना मिलने पर 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची। एंबुलेंस चालक भेरूलाल गुर्जर ने तत्परता दिखाते हुए सभी घायलों को तुरंत शाहपुरा जिला चिकित्सालय पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उपचार शुरू किया। लेकिन गंभीर रूप से घायल महेंद्र पुत्र सत्यनारायण कहार निवासी शाहपुरा और विनोद पुत्र महादेव कहार निवासी मुर्शी की हालत नाजुक होने के कारण उन्हें बचाया नहीं जा सका।

हादसे की सूचना मिलते ही शाहपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। एएसआई जगदीश और कांस्टेबल किशन खिंची ने घटनास्थल का जायजा लेकर राहत कार्य में सहयोग किया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त ट्रेलर को जब्त कर लिया है, जबकि चालक हादसे के बाद मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश की जा रही है।

घटना की खबर मिलते ही कहार समाज के लोग बड़ी संख्या में जिला चिकित्सालय पहुंच गए और पीड़ित परिवारों को सांत्वना दी। शीतला अष्टमी के दिन हुए इस हादसे से पूरे शहर में शोक का माहौल छा गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## आईबी रिपोर्ट में भाजपा की हार का अंदेशा, इसलिए टाले जा रहे पंचायत चुनावः डोटासरा



**भीलवाड़ा फोकस @ नागौर।**

राजस्थान कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने आरोप लगाया है कि पंचायत चुनावों को लेकर सरकार के पास इंटेलीजेंस ब्यूरो (आईबी) की नकारात्मक रिपोर्ट आई है, जिसमें भाजपा की संभावित हार का संकेत है। इसी वजह से राज्य सरकार पंचायत चुनाव कराने से बच रही है और ओबीसी आयोग का मुद्दा केवल बहाना बनाया जा रहा है।

नागौर जिला कांग्रेस कार्यालय में मीडिया से बातचीत करते हुए डोटासरा ने कहा कि आगामी पंचायत चुनावों में भाजपा का 'सूपड़ा साफ' होने की आशंका है। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से पंचायत राज और नगर निकाय चुनावों को लेकर अभी से तैयारी शुरू करने और महंगाई व सरकार की नीतियों को लेकर जनता के बीच जाने का आह्वान किया।

डोटासरा ने प्रदेश में कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की कमी का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि शादियों के सीजन के बीच होटल और कैटरिंग व्यवसाय से जुड़े लोगों को सिलेंडर नहीं मिल रहे, जिससे आम लोगों के साथ-साथ पर्यटकों को भी परेशानी हो रही है। इस समस्या को लेकर कांग्रेस गुरुवार से प्रदेशव्यापी आंदोलन शुरू करेगी।

उन्होंने अशांत क्षेत्र विधेयक (डिस्टर्ब एरिया बिल) को लेकर भी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह कानून समाज में विभाजन की राजनीति को बढ़ावा देने वाला है। उन्होंने कहा कि यदि वर्ष 2028 में प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनती है तो इस बिल को लागू नहीं होने दिया जाएगा।

इसके अलावा डोटासरा ने रिफाइनरी परियोजना को लेकर भी सरकार और केंद्र पर सवाल उठाए। उनका कहना था कि पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के कार्यकाल में इस परियोजना का काम वर्षों तक रुका रहा और अब तैयार होने के बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसके उद्घाटन के लिए समय नहीं निकाल पा रहे हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा केंद्र से समय मांगने में भी प्रभावी पहल नहीं कर पा रहे, जिसका असर प्रदेश में पेट्रोल, डीजल और गैस की बढ़ती कीमतों के रूप में दिखाई दे रहा है।

## पंचायत-निकाय चुनाव फिर पहुंचे अदालत की दहलीज पर, चुनाव आयोग को लीगल नोटिस

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

प्रदेश में पंचायत और निकाय चुनाव को लेकर मामला एक बार फिर अदालत पहुंचने की स्थिति में आ गया है। पूर्व विधायक संयम लोढ़ा ने राज्य चुनाव आयोग और राज्य सरकार को लीगल नोटिस भेजते हुए आरोप लगाया है कि चुनाव कार्यक्रम जारी कर हाईकोर्ट के आदेशों की अनदेखी की जा रही है।

लोढ़ा ने नोटिस में कहा कि राजस्थान हाईकोर्ट ने 14 नवंबर 2025 को अपने आदेश में प्रदेश में 15 अप्रैल 2026 से पहले पंचायत और निकाय चुनाव कराने के निर्देश दिए थे, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने भी बरकरार रखा था। इसके बावजूद राज्य चुनाव आयोग ने निकाय चुनाव के लिए मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण का जो कार्यक्रम जारी किया है, उसके अनुसार 22 अप्रैल तक अंतिम मतदाता सूची जारी की जाएगी, जिससे साफ है कि चुनाव 15 अप्रैल से पहले कराना संभव नहीं होगा। उन्होंने कहा कि यह स्थिति अदालत के आदेश की अवमानना के समान है। लोढ़ा ने आयोग से मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम में संशोधन कर कोर्ट के निर्देशों के अनुसार चुनाव प्रक्रिया तय करने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कार्यक्रम में बदलाव नहीं किया गया तो वे राज्य चुनाव आयोग और राज्य सरकार के खिलाफ हाईकोर्ट में अवमानना याचिका दायर करेंगे। इस संबंध में चुनाव आयुक्त राजेश्वर सिंह, सचिव राजेश वर्मा और स्वायत्त शासन



विभाग के सचिव रवि जैन सहित अन्य अधिकारियों को नोटिस भेजा गया है।

# गेहूं के खेतों की आड़ में उगाई अफीम की खेती पकड़ी, 391 पौधे जब्त



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा / कोटा।

मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन) ने भीलवाड़ा जिले में अवैध अफीम की खेती का खुलासा करते हुए 391 अफीम के पौधे जब्त किए हैं। कार्रवाई जिले की सहाड़ा तहसील के कंगनी गांव क्षेत्र में की गई, जहां गेहूं की फसल के बीच छिपाकर अफीम के पौधे उगाए गए थे।

उप नारकोटिक्स आयुक्त, कोटा नरेश बुन्देल ने बताया कि विभाग को सूचना मिली थी कि क्षेत्र में कुछ लोग गेहूं के खेतों की आड़ में गैरकानूनी रूप से अफीम की खेती कर रहे हैं। सूचना के आधार पर सीबीएन भीलवाड़ा की एक विशेष टीम गठित कर निगरानी की गई।

टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की तो गेहूं की फसल के बीच अवैध रूप से उगाए गए अफीम के पौधे पाए गए। इसके बाद कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए कुल 391 पौधे जब्त कर लिए गए। मामले में आगे की जांच जारी है और अवैध खेती में शामिल लोगों की पहचान की जा रही है।

# आदिनाथ भगवान की जन्म व दीक्षा जयंती मनाई

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी

( राजेन्द्र बबलू पोखरना)

जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान श्रीआदिनाथ के जन्म व दीक्षाकल्याणक जयंती स्वेतांबर जैन धर्मावलंबियों ने धूमधाम से मनाई। इस अवसर पर सवेरे सदर बाजार स्थित आदिनाथ स्वेताम्बर जैन मन्दिर परिसर में सुबह भगवान श्रीआदिनाथ की पूजा के बाद आरती की गई। वहीं भक्तों द्वारा एक दूसरे को गुलाल लगा कर बधाई दी। वहीं भक्त बबलू पोखरना व पुजारी रतन पाराशर ने भगवान श्रीआदिनाथ के जन्म व दिक्षा कल्याणक पर सदर बाजार स्थित आदिनाथ स्वेताम्बर जैन मन्दिर में विराजित भगवान श्रीआदिनाथ व नाकोड़ा



भैरूनाथ की प्रतिमा का गुलाल से विशेष श्रृंगार किया गया जिसकी काफी चर्चा रही।

# शिक्षिका से अश्लील मैसेज के विवाद में दो पक्षों में मारपीट, दोनों ओर से मुकदमे दर्ज

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

**(सांवर वैष्णव)।** बड़लियास थाना क्षेत्र के एक गांव में शिक्षिका को अश्लील मैसेज भेजने के आरोप को लेकर विवाद बढ़ गया और दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। मामले में एक ओर शिक्षिका के परिजनों ने युवक के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई है, वहीं दूसरी ओर युवक की पत्नी ने भी एससी-एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बड़लियास थानाधिकारी मुन्नीराम चोयल ने बताया कि थाना क्षेत्र के एक गांव में कुछ लोगों द्वारा एक युवक के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। प्रार्थी पक्ष की ओर से दर्ज रिपोर्ट में बताया गया कि उसके पति कैलाश को शाम के समय फोन कर सवाईपुर बुलाया गया। जब वह मोटरसाइकिल से मिलने के लिए निकले तो रास्ते में स्कॉर्पियो गाड़ी से तीन-चार व्यक्ति और दो महिलाएं उतरीं और लकड़ी व डंडों से उसके साथ मारपीट करने लगे। आरोप है कि इस दौरान जातिगत गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी भी दी गई तथा मोटरसाइकिल को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया। बाद में घायल युवक को घर के बाहर छोड़ दिया गया और परिवार को भी धमकियां दी गईं।

वहीं दूसरी ओर संबंधित शिक्षिका ने भी थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। शिक्षिका का आरोप है कि गांव का कैलाश नामक व्यक्ति पिछले कुछ दिनों से मोबाइल पर अश्लील मैसेज और फोन कर अभद्र बातें करता है तथा विद्यालय में आकर अनुचित हरकतें करता है। शिक्षिका ने बताया कि विद्यालय आते-जाते समय भी वह रास्ते में रोककर छेड़छाड़ करता था।

शिक्षिका के अनुसार 9 मार्च को दोपहर करीब 3 बजे जब वह विद्यालय में बच्चों को पढ़ा रही थी और उनकी सहकर्मी शिक्षिका किसी कार्य से बैंक सवाईपुर गई हुई थी, तभी आरोपी विद्यालय में आकर गलत हरकतें करने लगा। इस दौरान शिक्षिका ने उसका वीडियो भी बना लिया।शिक्षिका ने बताया कि आरोपी लगातार कॉल और व्हाट्सएप मैसेज कर अभद्र बातें करता रहा, जिससे वह और उनकी सहयोगी शिक्षिका काफी परेशान और भयभीत हैं। शाम करीब 7 बजे फिर कॉल और मैसेज आने पर शिक्षिका ने पूरी जानकारी अपने पति को दी। इसके बाद पति ने आरोपी को फोन कर समझाने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी ने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए एससी-एसटी के मुकदमे में फंसाने की धमकी दी।

पुलिस के अनुसार बाद में दोनों पक्षों के बीच विवाद और बढ़ गया। फिलहाल दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

# ब्रज की होली की झलक के बीच यूपीएससी चयनित युवाओं का अभिनंदन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

संजय कॉलोनी माहेश्वरी समाज संस्थान की ओर से आयोजित 'ब्रज की होली, अभिनंदन समारोह एवं भजन-रंगोत्सव' कार्यक्रम हर्षोल्लास और भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में समाज के प्रतिभाशाली युवाओं का सम्मान किया गया तथा भजन संध्या और रंगोत्सव के माध्यम से ब्रज की होली की झलक देखने को मिली।

कार्यक्रम की शुरुआत भगवान की पूजा और दीप प्रज्वलन से हुई। इस अवसर पर यूपीएससी में रैंक 173




प्राप्त अक्षत बल्दवा और रैंक 296 प्राप्त अमन झंवर का साफा, शॉल और स्मृति चिन्ह देकर अभिनंदन किया गया। वहीं समाज सेवा में उत्कृष्ट योगदान के लिए भंवरलाल नकलक, बापूलाल पोरवाल और कृष्ण गोपाल झंवर को समाज रत्न उपाधि से सम्मानित किया गया।

इसके बाद आयोजित भजन संध्या में उदयपुर के भजन गायक महेश पालीवाल और भजन गायिका त्रिशा सुथार ने भक्ति भजनों की प्रस्तुति दी, जिस पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूम उठे। कार्यक्रम के दौरान रंग-गुलाल और फूलों के साथ ब्रज की होली खेली गई, जिससे पूरा माहौल उत्सवमय हो गया।

अंत में संस्थान पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों, कलाकारों और समाजजनों का आभार व्यक्त किया।

# घरेलू एलपीजी गैस सिलेण्डर की नियमित आपूर्ति जारी रहेगीः जिला प्रशासन

## उपभोक्ता भ्रामक सूचनाओं से नहीं घबराए- जिला कलक्टरङ्ग

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देशानुसार जिला रसद विभाग, पुलिस विभाग , ऑयल कंपनी के अधिकारियों को जांच दल में शामिल करते हुए वर्तमान में जिला भीलवाड़ा में घरेलू एलपीजी गैस सिलेण्डर पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किए हैं। वर्तमान में जिले में पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता है। उपभोक्ता अपने रजिस्ट्रेड मोबाइल नम्बर से गैस सिलेण्डर की बुकिंग करवाकर सिलेण्डर प्राप्त कर सकते हैं।

रसद विभाग के अनुसार गैस सिलेण्डर की आपूर्ति आधार आधारित ओटीपी के माध्यम से नियमानुसार निर्धारित उपभोक्ता को ही की जा रही है। गैस एजेंसियों के अनुसार 25 दिनों के अंतराल में पुनः सिलेण्डर बुकिंग की व्यवस्था की गई है। संबंधित उपभोक्ताओं को नियमानुसार निर्बाध रूप से गैस सिलेण्डरों की आपूर्ति की जा रही है। तेल कम्पनियों से प्राप्त सूचनानुसार वर्तमान में पर्याप्त मात्रा में गैस सिलेण्डरों का स्टॉक उपलब्ध है तथा आवश्यकता अनुसार बॉटलिंग प्लांट से निरंतर स्टॉक प्राप्त किया जा रहा है और बुकिंग के अनुसार आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।

जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि गैस सिलेण्डर बुकिंग को लेकर अनावश्यक रूप से परेशान न हों, क्योंकि बुकिंग के लिए समयावधि निर्धारित की गई है। साथ ही घरेलू एलपीजी गैस सिलेण्डरों का अनावश्यक भण्डारण न करें तथा किसी भी प्रकार के भ्रामक संदेश या अफवाहों पर ध्यान न दें। घरेलू गैस सिलेण्डरों की नियमित आपूर्ति जारी है।

वर्तमान में मध्य-पूर्व संकट के मद्देनज़र एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति को लेकर विशेष सतर्कता एवं नियंत्रण बरतने की आवश्यकता है। जिले में 49 गैस एजेंसियों के माध्यम से करीब 8.5 लाख एलपीजी उपभोक्ताओं को प्रतिदिन लगभग 15,000 घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति की जाती है, जो पूर्व की भांति सुचारू रूप से जारी है। आपूर्ति में किसी प्रकार की कमी नहीं होने से घरेलू गैस उपभोक्ताओं को परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। वाणिज्यिक सिलेंडरों की आपूर्ति भी समुचित संख्या में स्कूलों, अस्पतालों, जेलों एवं अन्य आवश्यक प्रतिष्ठानों में की जा रही है।

जिला कलेक्टर ने गैस एजेंसियों को निर्देश दिए हैं कि वे विशेष सतर्कता बरतते हुए केवल होम डिलीवरी के माध्यम से ही गैस सिलेंडरों की आपूर्ति करें तथा ओटीपी के माध्यम से ही वास्तविक उपभोक्ताओं को सिलेंडर की डिलीवरी सुनिश्चित करें। किसी भी चौराहे या नुक्कड़ पर वाहन खड़ा कर सिलेंडर वितरण नहीं किया जाए। साथ ही घरेलू गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी रोकने के लिए रसद विभाग, पुलिस विभाग एवं गैस कंपनियों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है तथा जांच दल द्वारा कालाबाजारी करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# स्वर्णकार समाज ने हर्षोल्लास के साथ मनाया होली स्नेह मिलन

भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।

रंगों के पावन पर्व होली के उपलक्ष्य में मैढ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज, आसींद द्वारा 'होली स्नेह मिलन' कार्यक्रम नगर अध्यक्ष प्रभु लाल सोनी के नेतृत्व में समाज के शिव मंदिर परिसर में आयोजित हुआ। समारोह के दौरान समाज के लोगों में भारी उत्साह देखने को मिला। शिव मंदिर में एकत्रित हुए समाज बंधुओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर पर्व की बधाई



दी। इस अवसर पर विशेष रूप से गुलाब के फूलों से एक-दूसरे का अभिनंदन किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय और आनंदमय हो गया। स्नेह मिलन के दौरान पारंपरिक गीतों और चंग की थाप पर समाज के युवा और बुजुर्ग झूमते नजर आए। कार्यक्रम के बाद सामूहिक स्वल्पाहार का आयोजन भी किया गया, जिसमें समाज के सभी लोगों ने एक साथ बैठकर भोजन किया। इस तरह के आयोजनों से समाज में आपसी प्रेम, भाईचारा और एकता की भावना सुदृढ़ होती है। नगर अध्यक्ष प्रभु लाल सोनी ने समाज को संबोधित करते हुए कहा कि होली का पर्व आपसी गिले-शिकवे भुलाकर गले मिलने का त्योहार है। कार्यक्रम में समाज के प्रबुद्ध जन, युवा और बालक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। सभी ने समाज की उन्नति और खुशहाली की कामना की।

# नकबजनी का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

जिले के करेड़ा थाना क्षेत्र में हुई नकबजनी की वारदात का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक विधि संघर्षरत बालक को निरुद्ध कर बाल संप्रेषण गृह भेजा गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया एक लैपटॉप भी बरामद किया है। पुलिस ने कार्रवाई करेड़ा थानाधिकारी पुरणमल के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा की गई । पुलिस ने बताया की करेड़ा निवासी मुबारिक हुसैन रंगरेज ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि 7 फरवरी की शाम करीब 5 बजे वो रॉयल इंडस्ट्रीज फैक्ट्री से घर जा रहा था । इसके बाद अज्ञात बदमाशों ने फैक्ट्री और ऑफिस के ताले व कुंडियां तोड़कर अंदर से करीब डेढ़ से दो लाख रुपए कीमत का सामान चोरी कर लिया।

मामले की जांच के दौरान पुलिस टीम ने वैज्ञानिक और पारंपरिक तरीकों का उपयोग करते हुए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले तथा संदिग्धों पर नजर रखी। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने दो आरोपियों अर्जुन पुत्र प्यारचंद खटीक (21) निवासी आमदला और किशन पुत्र प्रभुलाल गुर्जर (22) निवासी रेह, थाना करेड़ा को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने इस नकबजनी के अलावा करेड़ा क्षेत्र में टायर चोरी, आसींद क्षेत्र में पेट्रोल पंप से मोटरसाइकिल चोरी और गंगापुर क्षेत्र में पिकअप के टायर चोरी की वारदातें करना भी स्वीकार किया है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से गहन पूछताछ कर रही है।




QUICK BITES

## गणनीआर्यिका विज्ञाश्री माता के सानिध्य में दीक्षार्थियों की गोद भराई हुई

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया



**(नरेश धाकड़):** उपखंड क्षेत्र की उमाजी का खेड़ा पंचायत के अमरनिवास गांव में मुख्य मार्ग पर फैली गंदगी और कीचड़ से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि लंबे समय से यहां नाली निर्माण नहीं होने के कारण घरों का गंदा पानी सड़क पर फैल जाता है, जिससे मार्ग पर कीचड़ जमा हो जाता है।

ग्रामीण राजू धाकड़ सहित अन्य ग्रामीणों का कहना है कि इस समस्या को लेकर पंचायत में लिखित शिकायत भी दी जा चुकी है और ऑनलाइन शिकायत भी दर्ज करवाई गई है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

ग्रामीणों ने बताया कि यह गांव का मुख्य मार्ग है और पास में मंदिर भी स्थित है, जिसके कारण यहां लोगों का आवागमन अधिक रहता है। सड़क पर फैली गंदगी और कीचड़ से राहगीरों को निकलने में परेशानी होती है, वहीं छोटे बच्चों को पैदल स्कूल जाने में भी काफी दिक्कत होती है।

ग्रामीणों ने पंचायत और प्रशासन से जल्द से जल्द नाली निर्माण करवाकर समस्या का समाधान करने की मांग की है, ताकि लोगों को इस परेशानी से राहत मिल सके।

## शीतला अष्टमी पर जहाजपुर-पंडेर क्षेत्र में रंगोत्सव की धूम, ठाकुर जी संग खेली होली

भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर ।




**गजानंद जोशी ।** शीतला अष्टमी के अवसर पर बुधवार को जहाजपुर-पंडेर क्षेत्र में रंग-गुलाल के साथ उत्साहपूर्वक रंगोत्सव मनाया गया। इस दौरान क्षेत्र के गली-मोहल्लों में बच्चों, महिलाओं और पुरुषों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर पर्व की खुशियां मनाईं। पूरे क्षेत्र में लोगों के चेहरे रंग-बिरंगे नजर आए और हर ओर उत्सव का माहौल बना रहा।

इस अवसर पर श्री चारभुजा नाथ मंदिर परिसर में ठाकुर जी के साथ गुलाब व गुलाल से होली खेली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिला-पुरुष शामिल हुए। लोग अपनी-अपनी टोलियों में रंग-गुलाल उड़ाते हुए उत्सव का आनंद लेते नजर आए।

कार्यक्रम के दौरान प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा श्याम भजनों की प्रस्तुति दी गई, जिस पर महिला-पुरुष भक्ति भाव के साथ नाचते-झूमते दिखाई दिए। सभी ने रंग महोत्सव का भरपूर आनंद लिया।

वहीं छोगाला छेल सेवा समिति की ओर से श्रद्धालुओं के लिए भजन-कीर्तन, रंग-गुलाल और अन्य व्यवस्थाएं की गईं। पंडेर थाना पुलिस द्वारा पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के पुख्ता इंतजाम किए गए। पूरे क्षेत्र में पर्व शांतिपूर्ण और उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।


भीलवाड़ा फोकस
BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

“भीलवाड़ा फोकस” को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com


# शीतला अष्टमी पर रंगोत्सव की धूम, जुलूस के साथ हुआ 57वां महामूर्ख सम्मेलन





भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद।

शीतला अष्टमी के अवसर पर बुधवार को कस्बे में धूमधाम से रंगोत्सव मनाया गया। इस दौरान युवाओं ने रंग-गुलाल उड़ाकर जमकर उत्साह दिखाया। जुलूस जिस रास्ते से गुजरा वहां सड़के रंग-बिरंगी नजर आईं। परंपरा के अनुसार इस अवसर पर 57वां महामूर्ख सम्मेलन भी आयोजित किया गया, जिसमें स्थानीय हास्य कवियों ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रोताओं को खूब हंसाया।

हालांकि नगर पालिका की उदासीनता के चलते इस बार बाहर से हास्य कवियों को आमंत्रित नहीं किया गया, जिससे महामूर्ख सम्मेलन फीका नजर आया। बाहर से कवियों को नहीं बुलाने पर नगरवासियों में नाराजगी भी देखने को मिली।

सुबह करीब 10 बजे कस्बे के बालाजी चौक से बजरंग व्यायामशाला प्रमुख गोविंद सिंह कानावत के नेतृत्व में रंगोत्सव जुलूस शुरू हुआ। डीजे की धुन पर युवा नृत्य करते हुए आगे बढ़ते रहे। जुलूस बस स्टैंड, चमन चौराहा, मोजेश्वर महादेव, खटीक मोहल्ला, पुराना अस्पताल, सदर बाजार, बालाजी चौक, पुराना बाजार, रामा का खूंट, मुल्तानी मस्जिद मार्ग और पुराना थाना मार्ग सहित विभिन्न क्षेत्रों से होता हुआ बस स्टैंड पहुंचा।

बस स्टैंड पर आयोजित महामूर्ख सम्मेलन में कवियों ने चुटकुले और हास्य कविताओं के माध्यम से माहौल को खुशनुमा बना दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बजरंग व्यायामशाला प्रमुख गोविंद सिंह कानावत ने की, जबकि मुख्य अतिथि बीगोद थाना अधिकारी जय सुल्तान रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व सरपंच गणेश पारीक और मोहनलाल पहाड़िया मौजूद रहे।

कार्यक्रम में स्थानीय कवि महेंद्र ललकार बीगोद और कवि रमेश नागोरी ने कविताओं व चुटकुलों के जरिए उपस्थित लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। करीब एक घंटे तक चले इस सम्मेलन में श्रोता ठहाकों के साथ आनंद लेते नजर आए। थाना अधिकारी जय सुल्तान ने शांतिपूर्ण तरीके से रंगोत्सव मनाने के लिए कस्बेवासियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन कवि महेंद्र ललकार ने किया। जुलूस के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए बीगोद थाना अधिकारी जय सुल्तान पुलिस स्टाफ व पुलिस लाइन के जाब्ते के साथ मौजूद रहे।

# लक्ष्मीनाथ गौशाला में भामाशाह ने भेंट किया 25 टन चारा, कमेटी ने किया स्वागत

भीलवाड़ा फोकस @ फूलियाकलां



**(प्रकाश तोषनीवाल)।** कस्बा स्थित लक्ष्मीनाथ गौशाला में गोवंश के लिए एक भामाशाह द्वारा लगभग तीन लाख रुपए कीमत का चारा भेंट किया गया। इस अवसर पर गौशाला कमेटी ने भामाशाह का साफा पहनाकर स्वागत व अभिनंदन किया।

जानकारी के अनुसार कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत के ओएसडी तथा देवरिया निवासी शंकरलाल गुर्जर ने कस्बे में शाहपुरा रोड स्थित लक्ष्मीनाथ गौशाला के गोवंश के लिए मध्यप्रदेश से एक ट्रक में करीब 25 टन मटर और मसूर की चूरी (पौष्टिक चारा) भिजवाई। चारे की कीमत लगभग तीन लाख रुपए बताई गई है। गोवंश के लिए एक ट्रक चारा भेंट करने पर गौशाला कमेटी ने ओएसडी शंकरलाल गुर्जर एवं उनके परिवार के सदस्यों का साफा पहनाकर स्वागत किया और आभार जताया। इस दौरान गौशाला संरक्षक एवं नारायणधाम आश्रम के महंत शंकरदास त्यागी महाराज, ओएसडी शंकरलाल गुर्जर, गौशाला अध्यक्ष सांवरलाल गोदारा, सचिव छगनलाल रैगर, सौरभ हेडा, गणेश सोनी, गिरिराज व्यास, देवखुश गोदारा, विजय कुमार पाराशर, महावीर शर्मा, रामधन गोदारा, कालूराम शर्मा, अमित शर्मा, भवानी पाराशर सहित गौशाला कमेटी के कई सदस्य और ग्रामीण मौजूद रहे।

विदित रहे कि देवरिया निवासी ओएसडी शंकरलाल गुर्जर पूर्व में भी तीन बार पंजाब सहित अन्य राज्यों से गोवंश के लिए पौष्टिक चारे के ट्रक मंगवाकर गौशालाओं में भेंट कर चुके हैं।

# एनडीपीएस मामले में पांच साल से फरार इनामी आरोपी मध्यप्रदेश से गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ कोटा।



**गर्वित** शहर पुलिस ने विशेष अभियान के तहत लंबे समय से फरार चल रहे एक इनामी आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। थाना भीमगंजमंडी में वर्ष 2021 में दर्ज एनडीपीएस एक्ट के मामले में वांछित आरोपी को पुलिस ने मध्यप्रदेश से पकड़ा है।

पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि फरार और इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत गठित टीम ने करीब पांच वर्षों से फरार चल रहे आरोपी गोपाल तिवारी पुत्र गंगाराम तिवारी, निवासी आकली, थाना सुसनेर, जिला आगर मालवा (मध्यप्रदेश) को गिरफ्तार किया।

आरोपी की गिरफ्तारी पर वर्ष 2023 में 5 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस के अनुसार आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार ठिकाने बदलता रहा और पहचान छिपाने के लिए अपने गांव आना-जाना भी बंद कर दिया था।

पुलिस ने तकनीकी साक्ष्य और मुखबिर तंत्र की मदद से उसके संभावित ठिकानों पर निगरानी रखते हुए सुसनेर क्षेत्र के आकली गांव में दबिश देकर उसे पकड़ लिया। इस कार्रवाई में थानाधिकारी रामकिशन गोदारा सहित विशेष टीम और जिला विशेष शाखा के कांस्टेबल तंवर सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# शीतला सप्तमी पर आस्था का सैलाब, मां को प्रसाद के रूप में चढ़ाया बासा भोजन

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर



( सांवर वैष्णव ) :- सवाईपुर कस्बे सहित आसपास के गांवों में शीतला अष्टमी के अवसर पर आज बुधवार को शीतला माता मंदिरों में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा । शीतला माता मंदिर में सुबह से ही महिलाओं की भीड़ पूजा-अर्चना के लिए पहुंची, महिलाएं एक दिन पहले मंगलवार को तैयार किया गया, ठंडा ( बासी ) भोजन थालियों में सजाकर मंदिर पहुंचीं और माता को भोग लगाकर परिवार की सुख-शांति, आरोग्य और समृद्धि की कामना की । ढ़ेलाणा की माया जाट, ललिता वैष्णव ने बताया कि सुबह से ही महिलाएं पूजन सामग्री, प्रसाद और ठंडा भोजन लेकर मंदिर पहुंचीं, माता को पूड़ी, पुआ, दही, मिठाई सहित अन्य बासे पकवानों का भोग लगाया गया । पूजन के बाद महिलाओं ने शीतला माता की कथा भी सुनी ।।

## आज से आयोजित होगी श्रीमद् भागवत कथा, कलश यात्रा से होगा शुभारंभ

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला ।

बरूंदनी कस्बे में स्वर्गीय कल्याण मल सारस्वत की स्मृति में 12 से 18 मार्च तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। कथा का आयोजन सिंगोली मार्ग स्थित मातेश्वरी सोमानी (कुंदाल) परिवार परिसर में होगा, जिसकी तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं।

सारस्वत परिवार के प्रतिनिधि आशीष सारस्वत ने बताया कि कथा का वाचन पंडित कमल किशोर शास्त्री द्वारा किया जाएगा। कथा प्रारंभ होने से पूर्व 12 मार्च गुरुवार को सुबह 9:15 बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी। सारस्वत ने बताया कि कथा प्रतिदिन सुबह 11 बजे से दोपहर 4 बजे तक आयोजित होगी।

# गणेश वंदन के साथ चेटीचंड महापर्व का आगाज

## झूलेलाल मंदिर में ध्वजारोहण, 10 दिवसीय महोत्सव के दौरान होंगे विभिन्न आयोजन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

**मूलचन्द पेसवानी**

सिंधी समाज के आराध्य देव वरुण देव भगवान झूलेलाल के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित 10 दिवसीय चेटीचंड महापर्व का बुधवार शाम शहर की सब्जी मंडी स्थित झूलेलाल मंदिर में गणेश वंदन के साथ शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के तहत देवताओं में प्रथम पूज्य भगवान गणेश का ध्वजारोहण कर महोत्सव की शुरुआत की गई।

सिंधी समाज के मीडिया प्रभारी मूलचंद बहरवानी ने बताया कि सिंधी सेंट्रल पंचायत के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी हेमनदास भोजवानी के नेतृत्व में समाज के कई गणमान्य लोगों ने ध्वज की विधिवत पूजा-अर्चना कर उसे मंदिर के शिखर पर स्थापित किया।



उन्होंने बताया कि शीतला अष्टमी के उपलक्ष्य में सिंधी समाजजनों ने शहर के सभी झूलेलाल मंदिरों में पहुंचकर भगवान के समक्ष रंग-गुलाल और अबीर के साथ होली खेली तथा एक-दूसरे को शीतला सप्तमी की शुभकामनाएं दीं।

गौ भक्त किशोर लखवानी ने बताया कि 10 दिवसीय चेटीचंड महापर्व के दौरान आगामी रविवार 15 मार्च को नाथद्वारा सराय स्थित झूलेलाल मंदिर में दादा हेमराज मल साहब सेवा समिति के तत्वावधान में सिंधी समाज के शिक्षाविदों का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। सिंधी समाजसेवी विनोद झुरानी ने बताया कि गुरुवार 19 मार्च को सुबह 9.30 बजे सिंधी समाज की विशाल एकता वाहन यात्रा निकाली जाएगी, जो शहर के विभिन्न मार्गों से होकर नाथद्वारा सराय स्थित झूलेलाल मंदिर पर पहुंचकर समाप्त होगी। इसी दिन दोपहर 12.15 बजे मंदिर में समाज के संत-महात्माओं द्वारा धर्म ध्वजा चढ़ाई जाएगी।

इस अवसर पर समाजजनों ने चेटीचंड महापर्व को भव्य एवं वृहद स्तर पर आयोजित करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान सिंधी समाज के प्रतिनिधिमंडल ने मां इच्छापूर्ण मंदिर, गोविंद धाम सहित विभिन्न धार्मिक स्थलों पर पहुंचकर प्रभु दर्शन भी किए।

होली मिलन कार्यक्रम में टेऊंराम भगत, वीरूमल पुरसानी, महेश खोतानी, गुलशन विधानी, हरीश सखरानी, रामचंद्र खोतानी, राजेश माखीजा, सुरेश पेशवानी, ओम गुलाबानी, राजू छतवानी, हरीश मानवानी, कैलाश कृपलानी, वासुदेव मोतियानी, एमडी राम, चंद्र तुल्सानी, मनोहर लालवानी, मोनी जगत्यानी, मनोज भोजवानी, रमेश पमनानी, मनोज बहरवानी, हरीश राजवानी, कमल हेमनानी, भगवान रामचंदानी, सुरेश भोजवानी सहित कई समाजजन उपस्थित रहे।

# चारभुजा मंदिर परिसर में कवि सम्मेलन, कविताओं के रंग में रंगे ग्रामीण

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़ ।

बाकरा गांव में शीतला सप्तमी और होली के अवसर पर चारभुजा मंदिर परिसर में रंग-गुलाल के साथ कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कवियों की हास्य-व्यंग्य और श्रृंगार रस से भरपूर प्रस्तुतियों ने पूरे माहौल को रंगीन और आनंदमय बना दिया। कार्यक्रम की शुरुआत कवि आशीष राज ने सरपंच चुनाव की राजनीति पर आधारित अपनी व्यंग्य रचना से की, जिस पर श्रोताओं ने



जमकर ठहाके लगाए। इसके बाद कवि मनीष राज ने राजनीति पर हास्य-व्यंग्य पैरोडी और श्रृंगार गीत प्रस्तुत कर माहौल को और भी मनोरंजक बना दिया। अंत में राष्ट्रीय कवि राजकुमार बादल ने राजस्थानी होली गीत 'साजन था बिन अबके होली मोली-मोली लाग री' सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। साथ ही अपनी हास्य-व्यंग्य रचनाओं के माध्यम से युवाओं को आपसी प्रेम, भाईचारा और सहयोग की भावना बनाए रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान वीरेंद्र मीणा, पूर्व सरपंच सत्यनारायण शर्मा, कांग्रेस मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण सेन, सांवरिया सालवी, किशन सिंह, रामपाल शर्मा, कमलेश तेली, जेपी सालवी, शिव प्रजापत, दीपक गगरानी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# तालुका विधिक सेवा समिति का अभियान, कच्ची बस्ती में लोगों को किया जागरूक

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।

**रमेश गुर्जर**। तालुका विधिक सेवा समिति की अध्यक्ष न्यायिक मजिस्ट्रेट सबा परवीन कागजी के निर्देशानुसार बुधवार को बैंक ऑफ बड़ौदा एवं कच्ची बस्ती में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में पीएलवी राम बाबू माथुर एवं पीएलवी सुनीता नायक ने भारत अभियान के तहत लोगों को बाल विवाह मुक्त अभियान,




घरेलू हिंसा से संरक्षण तथा राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने उपस्थित लोगों को बताया कि बाल विवाह एक सामाजिक कुरीति है, जिसे रोकना सभी की जिम्मेदारी है। साथ ही घरेलू हिंसा से संबंधित कानूनों और राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से त्वरित न्याय प्राप्त करने की प्रक्रिया के बारे में भी जागरूक किया। इस दौरान शाइन पठान, शबाना बेगम, छोटी पठान, अनीता सिंगलीगर, राजेंद्र सिंह, मुकेश धाकड़, प्रकाश देवकरण, विशाल, कन्या दुर्गा रैगर, सीमा धाकड़ सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# दशा माता पर्व की तैयारियां शुरू, महिला मंडल ने बांटे निमंत्रण

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

कोली समाज महिला मंडल के तत्वावधान में पंचायत भवन, कोली मोहल्ला में आयोजित होने वाले दशा माता पर्व को लेकर महिला मंडल की ओर से बदलेश्वर महादेव, कालिका माता, शीतला माता, देवनारायण व रामदेव मंदिरों में देवी-देवताओं के दर्शन कर समाज की महिलाओं को निमंत्रण दिया गया। इस दौरान महिला मंडल की



सदस्यों ने महिलाओं से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आग्रह किया। निमंत्रण वितरण के समय अंतिमा, जानकी, राजेश्वरी, पूजा, दुर्गा, छोटी, सुनीता, शालिनी, भावना सहित कई महिलाएं मौजूद रहीं। महिला मंडल ने बताता की 12 मार्च को रात्रि 9:15 बजे से सुबह 4 बजे तक दशा माता पर्व के तहत दीप प्रज्वलन, भजन संध्या, कथा व आरती होगी। वहीं 13 मार्च को सुबह 8 से 11 बजे तक पंडित हरिओम शास्त्री के सान्निध्य में विशेष धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे।

## आस्था और उल्लास के साथ मनाया शीतला अष्टमी का पर्व



भीलवाड़ा फोकस @ आकोला ।

कस्बे सहित क्षेत्र में शीतला अष्टमी का पर्व पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान स्त्री-पुरुषों व बच्चों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर रंगों की होली खेली। वहीं मित्र मंडलियों ने एक-दूसरे के घर जाकर दही-चावल का औलिया और मिठाइयों का आनंद लिया। इससे पूर्व महिलाओं ने प्रातःकाल शीतला माता मंदिरों में पहुंचकर पूजा-अर्चना की, ठंडे भोजन का भोग लगाया तथा कथा सुनी। साथ ही परिवार और क्षेत्र की सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना की।

## एक दूसरे को लगाया रंग गुलाल ओलियो के साथ की मान मनोहर



भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

**( सांवर वैष्णव )**:- सवाईपुर क्षेत्र सहित आसपास के कई गांवों में बुधवार को शीतला सप्तमी का पर्व बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । अल सुबह महिलाएं शीतला माता की पूजा-अर्चना कर बासौड़ा का भोग लगाकर शीतला माता से परिवार की सुख-शांति, आरोग्य और समृद्धि की कामना की । इसके बाद बड़े से लेकर बच्चे युवक, युवतियां और महिलाएं सभी अपनी अपनी टोलियां बनाकर हाथों में रंग गुलाल लेकर गांव की गलियों में निकल पड़े और जो भी मिला उसे रंग लगाकर होली का रामा श्यामा किया, छोटे बच्चों ने भी पिचकारी से एक दूसरे पर रंग बरसा कर खूब होली का मजा लिया । जगह-जगह लोगों ने डीजे लगाकर होली के गीत व भक्तिमय भजनों पर नाचे घूमने लगे । क्षेत्र में रंगों का त्यौहार होली बड़े ही आपसी प्रेम और सद्भावना के साथ मनाया गया, ओलियो के साथ पुआ पापड़ी सहित विभिन्न व्यंजनों की मान मनुहार की ।।

QUICK BITES

## बिजोलिया में आज भगवान आदिनाथ जन्म कल्याणक पर निकलेगी प्रभातफेरी

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।

**शुभम जैन** । प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ के पावन जन्म कल्याणक दिवस के उपलक्ष्य में गुरुवार को सुबह 5 बजे प्रभातफेरी का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर जैन समाज में उत्साह का माहौल है।

जानकारी के अनुसार प्रभातफेरी बड़ा मंदिर से प्रारंभ होकर नगरपालिका चौक होते हुए तेजाजी चौक तक जाएगी और वहीं से पुनः उसी मार्ग से वापस बड़ा मंदिर पहुंचेगी।

समाज के पदाधिकारियों ने सभी साधर्मी बंधुओं से समय पर उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है। प्रभातफेरी के दौरान श्रद्धालु भगवान आदिनाथ के जयकारों के साथ नगर में धार्मिक वातावरण का संदेश देंगे।

## श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया शीतलाष्टमी का पर्व

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला ।



कस्बे में शीतलाष्टमी का पर्व बुधवार को हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। सुबह से ही महिलाओं ने घरों में शीतला माता की पूजा-अर्चना कर ठंडे व्यंजनों का भोग लगाया।

इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने माता को ठंडे पकवानों का प्रसाद अर्पित किया और जयकारों के साथ पूजा-अर्चना की।

वहीं सरथला चारभुजा नाथ मंदिर के पुजारी शंभूलाल पाराशर, रमेशचंद्र पाराशर और भगवती प्रसाद पाराशर ने काछोला के श्रद्धालुओं को गुलाल व रंग लगाकर शीतलाष्टमी की शुभकामनाएं दीं।

दोपहर बाद कस्बे में लोगों ने एक-दूसरे के घर जाकर दही का औलिया, मीठे व्यंजन और तले हुए पकवान खिलाकर पर्व की बधाई दी तथा आपसी प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया।

## प्रवीण चौधरी निर्विरोध बने सकल दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष, समाज में हर्ष की लहर

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



शहर के सकल दिगंबर जैन समाज ने संगठन और एकता की शक्ति का परिचय देते हुए प्रवीण कुमार चौधरी को सर्वसम्मति से अपना नया अध्यक्ष चुन लिया है। भीलवाड़ा के सामाजिक और धार्मिक गलियारों में इस निर्णय का पुरजोर स्वागत किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, भीलवाड़ा स्थित सभी 16 दिगंबर जैन मंदिरों के अध्यक्षों और सचिवों की एक विशेष संयुक्त बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में समाज की मजबूती और भावी नेतृत्व को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान स्वर्गीय ताराचंद चौधरी के सुपुत्र प्रवीण कुमार चौधरी के नाम का प्रस्ताव रखा गया, जिसे सभी पदाधिकारियों ने बिना किसी विरोध के एक स्वर में स्वीकार कर लिया। समाज के प्रबुद्ध जनों ने बताया कि चौधरी एक ऊर्जावान और मिलनसार व्यक्तित्व के धनी हैं। उनके निर्विरोध निर्वाचन से यह स्पष्ट है कि समाज उन्हें एक ऐसे नेतृत्व के रूप में देख रहा है जो भीलवाड़ा दिगंबर जैन समाज को नई ऊंचाइयों पर ले जाने और गौरव बढ़ाने में सक्षम है। अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद चौधरी को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। समर्थकों और समाज के युवाओं का मानना है कि उनके मार्गदर्शन में समाज की गतिविधियां और सेवा कार्य और अधिक प्रभावी होंगे।

## भीलवाड़ा में 51 कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव का शुभारंभ

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



शहर के हरणी महादेव रोड स्थित ऋष्य श्रृंग संस्थान में बुधवार को 51 कलश यात्रा व भव्य शोभायात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव का शुभारंभ हुआ। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए नाचते-गाते शामिल हुए और पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कथा का आयोजन सुप्रसिद्ध अथर्ववेदाचार्य कथावाचक भगवती कृष्ण महाराज के मुखारविंद से किया जा रहा है।

कथा 11 मार्च से 17 मार्च तक ऋष्य श्रृंग संस्थान, हरणी महादेव रोड, शास्त्रीनगर भीलवाड़ा में प्रतिदिन दोपहर 12:15 बजे से 4:15 बजे तक आयोजित की जा रही है ।

कथा का शुभारंभ बुधवार को सुबह श्री राम मंदिर से निकली शोभायात्रा के साथ हुआ। शोभायात्रा गाजे-बाजे और 51 कलश के साथ श्याम विहार, निवास स्थान व बालाजी मंदिर होते हुए कथा स्थल ऋष्य श्रृंग संस्थान पहुंची।

प्रथम दिन कथावाचक भगवती कृष्ण महाराज ने श्रीमद् भागवत कथा महात्म्य, वैदिक मंत्रोच्चार के साथ देव आव्हान एवं पितृ आव्हान कराया। शीतला अष्टमी पर्व और फागोत्सव के अवसर पर 'सावरों तेरे से मन लगा बैठे ', 'हे मुरली वाले' और 'रंग मत डाले रे सावरिया' जैसे भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे और पांडाल में फूलों की होली खेलते हुए भक्तिमय माहौल बन गया।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।